## पढ़ने की जाँच SAMPLE (1)

कहानी

बहुत दिनों से बारिश हो रही थी। गाँव में सभी जगह गंदा पानी भर गया था। सभी बारिश के रुकने की राह देख रहे थे। अचानक एक दिन बारिश रुक गयी। सूरज निकल आया। सब लोग खुश हो गये। आसमान में चिड़ियाँ उड़ने लगीं। लोग अपने कपड़े सुखाने लगे। बच्चे भी घरों से बाहर निकलकर खेलने लगे।

अनुच्छेद

राधा के पास एक तोता है।
उसकी चोंच लाल है।
वह बहुत बोलता है।
सब को हँसाता है।

अनुच्छेद

माँ ने हलवा बनाया।
वह बहुत मीठा था।
उसे सोनी ने खाया।
खाने के बाद वह सो गयी।

## पढ़ने की जाँच SAMPLE (1)

कहानी

बहुत दिनों से बारिश हो रही थी। गाँव में सभी जगह गंदा पानी भर गया था। सभी बारिश के रुकने की राह देख रहे थे। अचानक एक दिन बारिश रुक गयी। सूरज निकल आया। सब लोग खुश हो गये। आसमान में चिड़ियाँ उड़ने लगीं। लोग अपने कपड़े सुखाने लगे। बच्चे भी घरों से बाहर निकलकर खेलने लगे।

अनुच्छेद

राधा के पास एक तोता है।
उसकी चोंच लाल है।
वह बहुत बोलता है।
सब को हँसाता है।

अनुच्छेद

माँ ने हलवा बनाया।
वह बहुत मीठा था।
उसे सोनी ने खाया।
खाने के बाद वह सो गयी।

# पढ़ने की जाँच SAMPLE (1)

**अक्षर**

म र थ

ह श

ल ब न

क घ

बच्चे को कोई भी 5 अक्षर पढ़ने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिये।

**शब्द**

गाना खुश

मोती

पैर झोला

आलू धूप

किला

आग मोर

बच्चे को कोई भी 5 शब्द पढ़ने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिये।

## पढ़ने की जाँच SAMPLE (2)

कहानी

सावन का महीना था। आसमान में बहुत से काले बादल छाये थे। ठंडी-ठंडी हवा चल रही थी। मैंने सोचा, आज झूला झूलते हैं। बड़े भैया एक मोटी सी रस्सी लेकर आये। हमने उसे पेड़ से लटका कर झूला बनाया। सब ने मिलकर खूब झूला झूला। बहुत सारे बच्चे आकर मज़े से खेलने लगे। खेलते-खेलते रात हो गयी।

अनुच्छेद

सोनी के पास एक माला है।
उसमें बहुत सारे मोती हैं।
मोती पीले रंग के हैं।
सोनी उसे पहनती है।

अनुच्छेद

मीना पढ़ने जाती है।
राजू भी साथ जाता है।
दोनों शाम को लौटकर आते हैं।
घर आकर खाना खाते हैं।

## पढ़ने की जाँच SAMPLE (2)

**अक्षर**

# द क त

# ब ल

# थ ह च

# म ख

बच्चे को कोई भी 5 अक्षर पढ़ने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिये।

**शब्द**

# हीरा कैसा

# शेर

# नानी भालू

# काम पीला

# फूल

# दिन मोर

बच्चे को कोई भी 5 शब्द पढ़ने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिये।

# पढ़ने की जाँच SAMPLE (3)

कहानी

रामपुर में कुछ ज़मीन ख़ाली थी। वहाँ कुछ नहीं उगता था। वहाँ कोई खेलने नहीं जाता था। एक दिन कुछ लोग आये। उन्होंने गाँव के लोगों को बुलाया। सबने मिलकर तय किया कि यहाँ बग़ीचा बनाया जाये। खाद मंगाकर हर तरह के पौधे लगाये गये। सही समय पर पानी दिया गया। आज वहाँ एक सुंदर बग़ीचा है। इसलिए वहाँ सब खेलने जाते हैं।

अनुच्छेद

बग़ीचे में एक पेड़ है।
पेड़ पर एक तोता रहता है।
तोते का रंग हरा है।
वह लाल टमाटर खाता है।

अनुच्छेद

रूपा बाहर खेल रही थी।
खेलते-खेलते रात हो गयी।
वह अपने घर चली गयी।
रूपा खाना खाकर सो गयी।

## पढ़ने की जाँच SAMPLE (3)

**अक्षर**

| | | |
|---|---|---|
| न | र | च |
| म | स | |
| प | ग | द |
| ल | थ | |

बच्चे को कोई भी 5 अक्षर पढ़ने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिये।

**शब्द**

आग सोच

ताला

गिर पैसा

चौकी धुन

देश

पानी बूढ़ा

बच्चे को कोई भी 5 शब्द पढ़ने को कहें। कम से कम 4 सही होने चाहिये।

Day-1

## काटें, बाँटें और पढ़ें

भूख लगे तो सिर चकराए
क्या करें कुछ समझ ना आए
पानी पीएँ, खाना खाएँ
तब जाकर ताक़त आए।

पेड़–पौधे क्या हैं खाते
खाना किससे हैं बनवाते
ईंधन–पानी कहाँ से लाते
अनाज किससे हैं मंगवाते।

रंग–बिरंगे, ख़ूब रसीले
हरे, लाल और पीले–नीले
हम फल अनोखे खाते हैं
अपनी भूख मिटाते हैं।

रानी मक्खी राज चलाती
नौकर मक्खी शहद लेकर आती
प्यारा–सा छत्ता बनाती
उसमें ख़ूब शहद जमाती।

तिनका–तिनका जोड़कर
चिड़िया घोंसला बनाती है।
दाना चुग चुगकर वह
अपना घर चलाती है।

बिल्ली पीछे, चूहा आगे
बिल्ली पकड़े, चूहा भागे
बिल्ली झपटे घात लगा कर
चूहा भागे दुम दबाकर।

## आवाज़ बताएँ

नीचे दिए गए चित्रों के शब्दों की पहली आवाज़ लिखें।

 ______  ______

 ______  ______

 ______  ______

## अंगूठे से चित्र बनाना

1. स्याही, हल्दी या मिट्टी को पानी में घोल लें।
2. बच्चे अपने–अपने अंगूठे को घोल में डुबोएँ।
3. घोल में डूबे अंगूठे की छाप कागज़ पर लागएँ।
4. अब अंगूठे की छाप से फूल, मकड़ी, हाथी, मछली, चूहे व अन्य चीज़ों का चित्र बनाएँ।



**नोट** : इस गतिविधि को करने के लिए बच्चे अगर सामग्रियाँ लेने जाएँ तो उन्हें जाने दें।

## भोलू और चातक पक्षी

***कहानी बारी-बारी पढ़ें। अगर समूह के बच्चे नहीं पढ़ सकते हैं तो उस समूह का कोई एक बच्चा कहानी पढ़े, बाकी बच्चे सुनें। पढ़ने के बाद सभी बच्चे कहानी पर चर्चा करें।***

रात को भोलू ने एक बहुत ही ख़ूबसूरत पक्षी को देखा। उसका नाम है– चातक। इसके सिर पर चोटीनुमा रचना होती है। ऐसा कहा जाता है कि यह पक्षी वर्षा की पहली बूँद को ही पीता है। भोलू ने जैसे ही चातक को देखा, वह बहुत खुश हुआ। उसने चातक से पूछा, "क्या तुम सिर्फ़ शुद्ध पानी पीते हो?" "हाँ, लेकिन धरती पर अब शुद्ध पानी नहीं है, इसलिए मैं सिर्फ़ वर्षा का ही पानी पीता हूँ।" चातक ने मायूसी से जवाब दिया। "फिर तुम अपनी प्यास कैसे बुझाते हो?" भोलू ने मासूमियत से पूछा। "जब ज़्यादा प्यास लगती है तो बर्फीले पहाड़ों में, चला जाता हूँ और अपनी प्यास बुझा लेता हूँ।"



भोलू चातक को अपने गाँव के तालाब का पानी पिलाना चाहता था। वह उसे गाँव के तालाब पर ले गया लेकिन चातक ने पानी पीने से मना कर दिया।

तालाब पर लोग पशुओं को नहला रहे थे। गाँव की औरतें वहाँ बर्तन और कपड़े धो रही थीं। "अरे भाई, तुम भी यह पानी मत पीना। इस गंदे पानी से तुम्हें भयानक बीमारियाँ हो सकती हैं।" चातक पक्षी भोलू को सावधान करते हुए बोला और आँखों से ओझल हो गया। भोलू की आँख खुल गई। उसने सारा सपना अपने दोस्तों को बताया। अब सब बच्चे तालाब के पानी को स्वच्छ करने के उपाय ढूँढने में लग गये।

### समूह में चर्चा करें और अलग कागज़ पर उत्तर लिखें।

1. दी गई कहानी में ऐसे शब्दों को ढूँढें जिनका अर्थ आपको पता नहीं है? उन शब्दों के अर्थ अन्य समूह के बच्चों से या गाँव के किसी सदस्य से पूछें।
2. आपके गाँव की नदी या तालाब पर रोज़ क्या–क्या होता है? उसकी एक सूची बनाएँ।
3. चातक पक्षी से अगर आप की मुलाक़ात हो तो आप उससे क्या बात करेंगे? समूह में चर्चा करें और लिखें।

Day-1

## दी गई तीन अक्षरों की इकाईयों से शब्द बनाएँ और शब्दों से वाक्य लिखें

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| च | चा | चि | ची | चु | चू | चे | चै | चो | चौ | चं | चः |
| र | रा | रि | री | रु | रू | रे | रै | रो | रौ | रं | रः |
| न | ना | नि | नी | नु | नू | ने | नै | नो | नौ | नं | नः |

शब्द लिखें

| | | |
|---|---|---|
| चोरी | चरना | रोना |
| | | |
| | | |

वाक्य लिखें

चोर को सज़ा मिली।

## दिए गए चित्र में रंग भरें।



## कौन कहाँ रहता है?



## मुहावरे का मतलब ढूँढें

### आग बबूला होना

आप इस मुहावरे का मतलब समूह में चर्चा करके या किसी से पूछकर अपने भाब्दों में लिखें।

## अपने गाँव को जानें



पता करें कि आपके गाँव में 70 या उससे अधिक आयु–वर्ग के कितने लोग हैं? उनके नाम लिखें।

## काटें, बाँटें और पढ़ें

ताक़त भूख चकराया
लगे सिर
खाना क्या समझ
पिया खाया

मंगवाते पेड़–पौधे खाते
अनाज बनवाते
ईंधन कहाँ खाना
लाते किससे

मिटाते रंग–बिरंगे ख़ूब
अनोखे रसीले
पीले खाते
अपनी भूख

रानी राज जमाती
नौकर छत्त
मक्खी शहद चलाती

जोड़ना प्यारा दाना
चुनना बनाना
घर चलाना घोंसला

बिल्ली पकड़ना
घात दबाना झपटना
चूहा भागना

## काटें, बाँटें और हल करें

एक मज़दूर एक पार्क को 120 मिनट सुबह में तथा 80 मिनट शाम में साफ़ करता है। बताएँ, उस मज़दूर ने दिन भर में कितने मिनट सफ़ाई की?

एक ट्रक 85 बकरियों को लेकर रवाना हुआ, दूसरे स्टॉप पर 29 बकरियाँ और लाई गई। बताएँ, ट्रक में अब कितनी बकरियाँ हैं?

एक बाल्टी में 25 लीटर पानी था। यदि बाल्टी में 12 लीटर पानी और डाल दिया तो बताएँ कि बाल्टी में अब कितने लीटर पानी है?

दिवाली में रमन के घर 45 दीप औरे कुलदीप के घर 68 दीप जले। बताएँ, दोनों के घरों में मिलकर कितने दीप जले?

एक पेड़ पर 35 चिड़ियाँ बैठीं थी। उसी पेड़ पर 27 चिड़ियाँ और आ गईं। बताएँ, उस पेड़ पर अब कितनी चिड़ियाँ बैठी हैं?

रामलाल ने 24 कि.ग्रा. चारा भैंस को तथा 26 कि.ग्रा. चारा गाय को खिला दिया। बताएँ, रामलाल ने कितने कि.ग्रा. चारा खिलाया?

## सोचें, समझें और खाली बक्से में उचित संख्या भरें

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 20 | − | 12 | = | |
| + | | + | | + |
| 25 | − | | = | 13 |
| = | | = | | = |
| | − | | = | |

## बिन्दुओं को मिलाएँ और आकृति बनाएँ



## एक बूढ़ी औरत की वसीयत

एक बूढ़ी औरत थी। वह अपनी तीन बेटियों के साथ रहती थी। वह बहुत अमीर थी। उसके पास 25 ऊँट, 20 घोड़े और 3 हाथी थे। एक दिन वह बीमार पड़ गई। बेटियों ने डॉक्टर को बुलाया। डॉक्टर ने पूरी कोशिश की मगर वह उस बूढ़ी औरत को नहीं बचा पाया। उसकी मौत के बाद उसकी बेटियों ने माँ की वसीयत पढ़ी। वसीयत में लिखा था :

1. **बड़ी बेटी को हाथियों की संख्या का 3 गुना ऊँट मिले, साथ ही 10 घोड़े और 1 हाथी दिया जाए।**
2. **दूसरी बेटी को कुल घोड़ों की संख्या के आधे से 2 कम ऊँट मिलेंगे। साथ ही, उसे 5 घोड़े और 1 हाथी दिया जाए।**
3. **तीसरी बेटी को शेष ऊँट, 5 घोड़े और 1 हाथी दिया जाए।**

बेटियाँ बहुत हैरान थीं। "इन हाथी, घोड़ों और ऊँटों का बँटवारा कैसे करें?" बड़ी बेटी ने पूछा।

"अब हम क्या करें?" तीसरी बेटी को कुछ नहीं सूझा।

तभी उन्होंने अपनी चाची को अपनी तरफ़ आते हुए देखा। तीनों बहनों ने उन्हें अपनी परेशानी बताई।

"मुझे वसीयत दिखाओ। तुम्हारे पास 25 ऊँट, 20 घोड़े और 3 हाथी हैं। अब क्या तुम अपनी माँ की वसीयत के अनुसार इन्हें बाँटना चाहती हो?" चाची ने पूछा।

तीनों बहनों ने 'हाँ' में सिर हिलाया।

"बड़ी बेटी को हाथियों की संख्या से 3 गुना ऊँट चाहिए, है ना? आओ करके देखते हैं?"

"ज़रूर!" तीनों एक साथ बोलीं।

**समूह में प्रश्नों पर चर्चा करें या किसी से पूछें और इनके उत्तर अपनी कापी में लिखें।**

1. बड़ी बेटी को कुल कितने हाथी, घोड़े और ऊँट मिले?
2. बूढ़ी औरत की छोटी बेटी को कितने ऊँट मिले?
3. दूसरी बेटी को कितने ऊँट, घोड़े और हाथी कम मिले?

## रोल प्ले

इस कहानी पर अपने समूह में रोल प्ले तैयार करें और प्रस्तुत करें।

## आकृतियों में रंग भरें और एक जैसी आकृतियाँ गिनकर लिखें



**समूह में नीचे दिए गए प्रश्नों पर चर्चा करें व इनके उत्तर अपनी कापी में लिखें।**

1. चित्र में गोल आकृतियों को गिनकर लिखें।
2. चित्र में त्रिभुज वाली आकृतियों को गिनकर लिखें।
3. चित्र में चौकोर आकृतियों को गिनकर लिखें।
4. कौन–सी आकृति सबसे कम है?

## बूझो तो जानें

- आप एक नदी के पास हैं। आपको 1 लीटर पानी की ज़रूरत है मगर आपके पास 5 लीटर और 3 लीटर मापने का डिब्बा है। आप 1 लीटर पानी कैसे मापेंगे?



## कौन है सबसे तेज़?

**(समूह के सभी बच्चे अपनी–अपनी कापी पर इन प्रश्नों को हल करें)**

(1) 26 + 14 = ...........

(2) 48 + 52 = ...........

(3) 50 – 22 = ...........

(4) 45 + 45 = ...........

(5) 75 + 5 = ...........

(6) 68 – 16 = ...........

(7) 95 – 52 = ...........

(8) 13 + ........... = 41

(9) 90 – ........... = 50

(10) 63 – ........... = 42

## काटें, बाँटें और हल करें

**ख़ाली बॉक्स को भरें**

- 45 + 28 = ☐
- 56 + ☐ = 85

**कितने त्रिभुज**



त्रिभुजों की कुल संख्या = .................

**मापकर लिखें**

- एक किताब की लम्बाई = .............
- एक क़लम की लम्बाई = ............

**पैटर्न समझें, ख़ाली जगह भरें**

- 100, 90, 80, 70, ........... , ...........
- 550, 500, 450, ............ , ............

**बड़ा (>), छोटा (<), बराबर (=) का चिन्ह भरें**

- 8 x 7 ☐ 9 x 6
- 12 + 18 ☐ 65 − 35

**ख़ाली बॉक्स को भरें**

- 73 − 38 = ☐
- 46 − = 19

## काटें, बाँटें और पढ़ें।

पिताजी जंगल जाते हैं।
जंगल से लकड़ी लाते हैं।
लकड़ी बाज़ार में बेचते हैं।
मेरे लिए नई किताबें लाते हैं।

मेरे चाचाजी किसान हैं।
खेत में धन उगाते हैं।
जब बारिश होने लगती है,
धन का पौधा लहलहाता है।

रवि के पास एक कुत्ता है।
वह रोज़ उसे घुमाने ले जाता है।
कुत्ता घर की रखवाली करता है।
रवि उससे बहुत प्यार करता है।

सुबह ख़ूब बारिश हुई है।
धान के खेत में पानी भर गया है।
फ़सलों में हरियाली आई है।
किसान फ़सल देखकर खुश हैं।

मेरे शिक्षक बहुत अच्छे हैं।
वे कभी नहीं डाँटते हैं।
मुझे प्यार से समझाते हैं।
उनसे पढ़ना अच्छा लगता है।

राजू के घर में एक गाय है।
गाय का रंग काला है।
राजू उसे रोज़ घास खिलाता है।
वह रोज़ दूध देती है।

## मिलान करें



ताला

लड़का

दरवाज़ा

अंगूठी

चम्मच

## दिए गए शब्द से सम्बंधित और शब्द ख़ाली बक्से में लिखें




## अज्ञानता का अन्धेरा

***कहानी बारी-बारी पढ़ें। अगर समूह के बच्चे नहीं पढ़ सकते हैं तो उस समूह का कोई एक बच्चा कहानी पढ़े, बाकी बच्चे सुनें। पढ़ने के बाद सभी बच्चे कहानी पर चर्चा करें।***

प्रिया एक पढ़ी–लिखी युवती थी। शादी के बाद जब वह अपने ससुराल आई तो उसने देखा कि गाँव के सारे लोग सुबह के समय अपने सारे काम जल्दी–जल्दी निपटाकर दिन में ही सो जाते हैं। शाम के समय सभी पुनः उठते हैं और भोजन वग़ैरह करके एक–एक टोकरी लेकर बाहर निकल जाते हैं।

टोकरियाँ लेकर सभी एक ही दिशा में जाते हैं और एक ही स्थान पर टोकरियों को उंडेल देते हैं। सारी रात वे यही करते रहते हैं। प्रिया से रहा नहीं गया। उसने पूरी बात मालूम की। उसे पता चला कि गाँव के लोग अपनी–अपनी टोकरी में अन्धेरे को पहले भरते हैं और फिर नदी में फेंकने जाते हैं ताकि अगले दिन उनके गाँव में फिर से उजाला हो सके।



प्रिया ने सोचा गाँव वालों का असलियत से परिचय कराना चाहिए। अगले दिन प्रिया ने गाँव वालों से कहा कि शाम होते ही सभी भोजन के बाद अपने–अपने घरों मे आराम करें। अन्धेरे को नदी में फेंकने का काम वह आज अकेले ही करेगी। गाँव वालों ने उसकी बात मान ली।

सुबह हुई तो गाँव में उजाला आ चुका था। सभी हैरान थे कि प्रिया ने अकेले ये काम कैसे कर लिया। तब प्रिया ने लोगों को बताया कि दिन और रात प्रकृति के नियम हैं। इस नियम के अनुसार पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है जिसके फलस्वरूप दिन और रात का चक्र चलता है। गाँव वालों के मन की टोकरी ज्ञान के उजाले से भर गई।

### समूह में प्रश्नों पर चर्चा करें और अलग कागज़ पर उत्तर लिखें।

1. प्रिया ने अपने ससुराल में क्या देखा?
2. 'गाँव वालों के मन की टोकरी उजाले से भर गई' इस वाक्य से आप क्या समझते हैं? लिखें।
3. अपने शब्दों में 'अज्ञानता का अन्धेरा' का अर्थ समझाएँ।

## रोल प्ले

इस कहानी पर अपने समूह में रोल प्ले तैयार करें और प्रस्तुत करें।

## दी गई तीन अक्षरों की इकाईयों से शब्द बनाएँ और शब्दों से वाक्य लिखें

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | जा | जि | जी | जु | जू | जे | जै | जो | जौ | जं | जः |
| म | मा | मि | मी | मु | मू | मे | मै | मो | मौ | मं | मः |
| प | पा | पि | पी | पु | पू | पे | पै | पो | पौ | पं | पः |

शब्द लिखें

पूजा ______ मज़ा ______ पजामा ______

वाक्य लिखें

आज बहुत मज़ा आया।

______

______

## पता करें

आपके गाँव में कौन–कौन से खेल खेले जाते हैं?

______ ______ ______

______ ______ ______

______ ______ ______

आपके दादा–दादी के मनपसंद खेल कौन–कौन से थे?

______ ______ ______

______ ______ ______

______ ______ ______

## काटें, बाँटें और पढ़ें

लकड़ी बाज़ार
लाते बेचते
नई किताबें
पिताजी जंगल मेरे

पौधा बारिश
खेत धान चाचाजी
उगाते किसान
लहलहाता

रखवाली करता एक
घुमाने कुत्ता
रवि बहुत प्यार
रोज़ पास

खेतों पानी सुबह
ख़ूब धन बारिश
किसान देखकर
खुश फ़सलों हरियाली

समझाते कभी
पढ़ना बहुत अच्छे
अच्छा शिक्षक
मुझे प्यार डाँटते

दूध घर गाय
रंग खिलाता
रोज़ घास काला
राजू देती

## मुखौटे बनाएँ

**क्या चाहिए?**

सादा काग़ज़, घर में पड़े बेकार गत्ते (जूते के डिब्बे, मिठाई के डिब्बे और शादी के कार्ड), कैंची, स्केल, पेन्सिल, रबड़, परकार, स्केच–पेन।



चित्र–1

**क्या करना है?**

- एक कागज़ या गत्ता लें। उस पर शेर के चेहरे का चित्र बनाएँ। (चित्र–1)
- अब उस चित्र को कैंची से काट लें। (चित्र–2)
- उस चित्र में मनचाहे रंग भरें। इसी तरह अपनी पसंद के अलग–अलग मुखौटे बनाएँ। (चित्र–3)



चित्र–2



चित्र–3

नोट : इस प्रकार आप अपनी पसंद के अलग–अलग जानवरों, पक्षियों, जीव–जन्तुओं, पेड़–पौधों, इंसानों आदि के चित्र बनाकर उनके मुखौटे बना सकते हैं।

## मुहावरे का मतलब ढूँढें

### उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे

आप इस मुहावरे का मतलब समूह में चर्चा करके या किसी से पूछकर अपने शब्दों में लिखें।

______

______

## अपने गाँव को जानें!



**आपके गाँव के 70 या उससे अधिक आयु वर्ग के पाँच लोगों से पूछें कि वे अपने बचपन में कौन–कौन से खेल खेलते थे?**

Day-2

## काटें, बाँटें और हल करें

एक मैदान में 268 बकरियाँ थीं। कुछ देर बाद कुछ बकरियाँ चली गईं। अब मैदान में 129 बकरियाँ हैं तो बताएँ कितनी बकरियाँ चली गईं?

अमित के पास पहले से 85 कंचे थे। उसे राजू ने 28 कंचे और दे दिए। बताएँ, अब अमित के पास कितने कंचे हैं?

एक दुकानदार एक लैम्प 198 रुपये में ख़रीदकर 180 रुपये में बेच देता है। बताएँ उसे कितने रुपये का नुकसान हुआ?

इमली 80 रुपये किलो है। आम 45 रुपये किलो है। बताएँ दोनों के दाम में कितने रुपये का अंतर है?

एक बस में 75 यात्री थे। उसमें से 28 यात्री उतर गये। बताएँ, अब बस में कितने यात्री बैठे हैं?

एक पुस्तकालय में 94 कुर्सियों में से 39 कुर्सियाँ खाली हैं। बताएँ, कितनी कुर्सियों पर छात्र बैठे हैं?

## सोचें, समझें और हल करें

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 22 | − | 8 | = | |
| + | | + | | + |
| 15 | − | | = | 10 |
| = | | = | | = |
| | − | | = | |

## बिन्दुओं को मिलाएँ और आकृति बनाएँ



## हल्का या भारी

जैजू और मन्नू अपना मकान बदल रहे थे। उन्होंने घर का सारा सामान एक घोड़ागाड़ी में लादा। उनके पास सामान थे – पानी की एक टंकी, पाँच बोरी गेहूँ, तीन मेज़, एक अलमारी, चार कुर्सियाँ, दो गद्दे, तीन बोरी चावल, एक बाँस की सीढ़ी और कुछ बर्तन।

उन्होंने जब सारा सामान घोड़ागाड़ी पर लाद लिया और चलने को तैयार हुए तो घोड़े ने आगे बढ़ने से मना कर दिया। वे हैरान थे कि ऐसा क्यों हुआ। उनके पिताजी ने बताया कि घोड़े की तबियत ठीक नहीं है और वह 700 किलोग्राम से ज़्यादा वज़न नहीं ढो सकता। लेकिन यह तो बताओ कि लादे गए सामान का वज़न कितना है?



| लादा गया सामान | वज़न |
|---|---|
| गेहूँ की बोरी | 100 कि.ग्रा. |
| चावल की बोरी | 35 कि.ग्रा. |
| पानी की एक टंकी | 50 कि.ग्रा. |
| एक अलमारी | 70 कि.ग्रा. |
| एक मेज़ | 10 कि.ग्रा. |
| एक कुर्सी | 5 कि.ग्रा. |
| एक गद्दा | 20 कि.ग्रा. |
| बाँस की सीढ़ी | 10 कि.ग्रा. |
| कुछ बर्तन–भांडे | 15 कि.ग्रा. |

**समूह में प्रश्नों पर चर्चा करें व इनके उत्तर अपनी कापी में लिखें।**

1. लादी गई वस्तुओं का कुल वज़न 700 कि0ग्रा0 से कितना ज़्यादा है?
2. 5 गद्दों का वज़न कितना होगा?
3. यदि गाड़ी पर लादी गई सभी वस्तुओं का वज़न 2 गुना कर दिया जाए तो उन वस्तुओं का वज़न कितना हो जाएगा?

## आकृतियों में रंग भरें और एक जैसी आकृतियाँ गिनकर लिखें



समूह में नीचे दिए गए प्रश्नों पर चर्चा करें व इनके उत्तर अपनी कापी में लिखें।

1. चित्र में गोल आकृतियों कितनी हैं?
2. चित्र में त्रिभुज वाली आकृतियों कितनी हैं?
3. चित्र में चौकोर आकृतियों की संख्या लिखें।
4. कौन–सी आकृति सबसे अधिक है?

## बूझो तो जानें

- 10 मीटर रस्सी के एक–एक मीटर वाले 10 टुकड़े करने के लिए एक रस्सी को कितनी बार काटना पड़ेगा?



## कौन है सबसे तेज़?

(समूह के सभी बच्चे अपनी–अपनी कापी पर इन प्रश्नों को हल करें)

(1) 53 + 16 = ...........

(2) 91 – 50 = ...........

(3) 77 – 13 = ...........

(4) 33 – 9 = ...........

(5) 48 – 29 = ...........

(6) 100 – 19 = ...........

(7) 90 + 16 = ...........

(8) 40 + ........... = 73

(9) 38 + ........... = 84

(10) 55 + ........... = 76

## काटें, बाँटें और हल करें

दो बराबर भागों में बाँटें।



रंगे हुए भाग को संख्या रूप में लिखें।



आकृति का मान लिखें।



△ + □ = 31

△ − □ = 5

रिक्त स्थान को भरें।

- 1 किलोमीटर = ............ मीटर
- 1 घंटा = ............ मिनट

उचित चिन्ह (+, −, x, ÷) लगाएँ

- 126 ..................... 600 = 726
- 950 .................... 254 = 696

संख्याओं को शब्दों में लिखें

- 234
- 587
- 853

## काटें, बाँटें और पढ़ें।

आज हमने एक बीज बोया।
हम रोज़ उसको पानी देंगे।
उसमें थोड़ी खाद भी डालेंगे।
कुछ महीनों में वह पेड़ बन जाएगा।

एक दर्जन में होते बारह केले
चुन्नू–मुन्नू बैठे खाने केले
मम्मी ने एक–एक केला पकड़ाया
बताओ बचे अब कितने केले?

काली प्यारी रात आई
झिलमिल तारे साथ लाई
चंदा मामा भी आ धमके
तारों के संग ख़ूब चमके।

तितली रानी, बड़ी निराली
नीली, पीली, हरी, गुलाबी
रंग–बिरंगी पंखों वाली
उड़ती फिरती डाली–डाली।

क्यूँ बादल दिखते नीले–काले
कहाँ से आए रंग निराले
कोई बताए हमको ज़रा
इन में रंग किसने भरा?

पापा लाए नया कैलेण्डर
उसमें नहीं था माह सितंबर
इसके आगे कौन से महीने
जिनमें नहीं आते पसीने?

## मिलान करें

| | |
|---|---|
|  | भौं–भौं |
|  | म्याऊँ–म्याऊँ |
|  | काँव–काँव |
|  | गुर्र–गुर्र |
|  | ढेंचू–ढेंचू |

## कौन क्या-क्या खाता है? उसे लाइन खींचकर मिलाएँ।




## मृत सागर

***कहानी बारी-बारी पढ़ें। अगर समूह के बच्चे नहीं पढ़ सकते हैं तो उस समूह का कोई एक बच्चा कहानी पढ़े, बाकी बच्चे सुनें। पढ़ने के बाद सभी बच्चे कहानी पर चर्चा करें।***



क्या कोई सागर ऐसा हो सकता है जिसमें आप बिना तैरे भी डूबें नहीं ? यह गप्प नहीं सच है, 'मृत सागर' में कोई नहीं डूबता।

यह सागर पश्चिम में इज़राइल और पूर्व में जॉर्डन से घिरा हुआ है। इस की सतह सामान्य समुद्र तल से 408 मीटर अधिक गहरी है। इसका मतलब है कि पृथ्वी पर यहाँ पानी की गहरी सतह है। मृत सागर में ज़्यादातर पानी जॉर्डन नदी से आता है।

गर्म और रूखी रेगिस्तानी जलवायु के कारण मृत सागर से पानी तेज़ी से वाष्पित होता है और पीछे नमक और नमकीन पानी रह जाता है। अन्य सागरों की तुलना में मृत सागर का पानी सात गुना ज़्यादा नमकीन है। इसमें पोटाश, ब्रोमाइड, जिप्सम, नमक आदि कई रसायन और खनिज काफ़ी मात्रा में मिलते हैं। पानी में 27 प्रतिशत नमक होने के कारण पानी मनुष्य के शरीर से ज़्यादा भारी हो जाता है इसलिए हल्के होने के कारण लोग इस पर तैरने लगते हैं।

यह सागर इतना खारा है कि इस में कोई जीव नहीं जी सकता। मछलियाँ इस सागर में डालते ही मर जाती हैं। इस अनोखे सागर को देखने के लिए दुनियाभर से लोग आते हैं और तैरना न जानते हुए भी सागर में तैरने का आनन्द उठाते हैं।

### समूह में प्रश्नों पर चर्चा करें और अलग काग़ज़ पर उत्तर लिखें।

1. कहानी से ऐसे शब्दों को छाँटें जिनका अर्थ (मतलब) आपको पता नहीं है। उन शब्दों के अर्थ गाँव के किसी सदस्य से पूछें और लिखें।
2. मृत सागर में कोई जीव–जन्तु नहीं जी सकता है, क्यों? सोचकर लिखें।
3. ज़रा सोचें कि आप के गाँव के तालाब का पानी भी खारा हो जाए तो क्या होगा? समूह में चर्चा करें और लिखें।

## दी गई तीन अक्षरों की इकाईयों से शब्द बनाएँ और शब्दों से वाक्य लिखें

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | रा | रि | री | रु | रू | रे | रै | रो | रौ | रं | रः |
| ग | गा | गि | गी | गु | गू | गे | गै | गो | गौ | गं | गः |
| न | ना | नि | नी | नु | नू | ने | नै | नो | नौ | नं | नः |

शब्द लिखें

रागनी ________ नगरी ________ नाग ________

________ ________ ________

वाक्य लिखें

आज रागिनी बाज़ार गई।

________

________

## आओ करके देखें।

**सामग्री :** शीशे के दो गिलास, पानी, दो आलू, थोड़ा सा नमक।

**तरीका :**

- दोनों गिलासों को पानी से आधा से ज़्यादा भर लें।
- अब एक गिलास में थोड़ा–सा नमक मिलाकर घोल लें।
- अब दो आलू लें।
- एक–एक आलू दोनों गिलास में डालें।

**अब देखें क्या हुआ?**

नमक वाला आलू आपको तैरता हुआ नज़र आएगा। मगर साधारण पानी वाले गिलास में आलू डूब जाएगा। ऐसा क्यों हुआ? नहीं पता? ऐसा इसलिए हुआ कि खारे पानी में आलू नहीं डूबता है और यही कारण है कि मृत सागर में कोई नहीं डूबता।

## दिए गए चित्रों के नाम का पहला अक्षर लिखें।

 ________  ________

 ________  ________

 ________  ________

## मुहावरे का मतलब ढूँढें

### टेढ़ी खीर

आप इस मुहावरे का मतलब समूह में चर्चा करके या किसी से पूछकर अपने शब्दों में लिखें।

________

________

## अपने गाँव को जानें!



**पता करें कि आपके गाँव में कितने मोबाइल फ़ोन हैं?**

## काटें, बाँटें और पढ़ें।

थोड़ी हमने बीज
पेड़ उसको
खाद डालेंगे बोया
पानी रोज़

बताओ दर्जन केले
बारह खाने
चुन्नू–मुन्नू मम्मी
पकड़ाया बैठे कितने

काली प्यारी रात
झिलमिल तारा चन्दा
मामा धमकना चमकना

तितली निराली
रंग–बिरंगी पंख
उड़ती फिरती
डाली गुलाबी

बादल कहां रंग
निराले दिखते
कहाँ हमको भरा
जरा इन

नया सितंबर उसमें
नहीं पापा
कौन महीने
पसीने कैलेण्डर

## काटें, बाँटें और हल करें

यदि एक व्यक्ति को एक कपड़ा धोने में 5 मिनट लगता है तो बताएँ कि 30 कपड़े धोने में उसे कितना समय लगेगा?

एक व्यापारी हर महीने 45 किलो भेड़ की ऊन बेचता है तो बताएँ कि वह 16 महीने में कितने किलो ऊन बेचेगा?

सोहन ने बाज़ार से टॉफी के 15 पैकेट ख़रीदे। यदि हर पैकेट में 40 टॉफियाँ हैं तो बताएँ कि सोहन के पास कितनी टॉफियाँ हैं?

एक बल्ब की क़ीमत 15 रुपये है तो ऐसा ही 8 बल्ब की क़ीमत कितनी होगी?

5 कलमों का मूल्य 50 रुपये है। बताएँ, ऐसे ही 10 कलमों का मूल्य कितना होगा?

एक मीटर कपड़े का मूल्य 67 रुपये है। बताएँ, ऐसे ही 17 मीटर कपड़े का मूल्य कितना होगा?

## समय बताएँ



## ख़रगोश को घर तक पहुँचाएं




## शेर का बच्चा

एक बार, शेर का एक बच्चा जंगल में रास्ता भूल गया। उसने रोना शुरू कर दिया और रो–रो कर अपनी माँ को बुलाने लगा। एक बूढ़े हिरण को उस पर तरस आ गया। वह उसे अपने घर ले आया। लेकिन शेर के बच्चे को देखकर दूसरे हिरण डर गए। जंगल के दूसरे जानवर भी घबरा गए। ख़रगोश, गिलहरी, नील गाय सभी सोचने लगे कि उनके बीच एक शेर! नहीं! नहीं! वह हमारे बच्चों को खा जाएगा। बूढ़े हिरण ने कहा – "परेशान मत हो। मैं उसे समझा दूँगा।" सुबह उठते ही शेर के बच्चे ने सभी का शुक्रिया अदा किया और वहाँ से जाने लगा। ख़रगोश ने कहा, "रुको। पहले गिन कर देखते हैं कि कहीं तुमने हमें धोखा तो नहीं दिया। कल रात तक हम सभी संख्या में 540 थे। देखें हमारी संख्या कम तो नहीं हो गई।"



नील गाय और भालू भी गिने गए। नील गाय 120 और शेष भालू थे?

ख़रगोश और हिरण की संख्या: ख़रगोश 80 और हिरण 125

चिड़ियों और गिलहरियों की संख्या: चिड़ियाँ 60 और गिलहरी 44

**समूह में प्रश्नों पर चर्चा करें व इनके उत्तर अपनी कापी में लिखें।**

1. पता लगाएँ, हिरण और ख़रगोश मिलकर कितने हुए?
2. गिलहरी की संख्या ख़रगोश से कितनी कम थी?
3. वहाँ कितने भालू थे?

## रोल प्ले

इस कहानी पर अपने समूह में रोल प्ले तैयार करें और प्रस्तुत करें।

## आकृतियों को गिनें और तुलना करें




**समूह में नीचे दिए गए प्रश्नों पर चर्चा करें व इनके उत्तर अपनी कापी में लिखें।**

1. त्रिभुज की संख्या–
2. आयत की संख्या–
3. वर्ग की संख्या –

- आकृति अ में कितने त्रिभुज हैं?
- आकृति ब में कितने त्रिभुज हैं?
- आकृति अ में कितने वर्ग हैं?
- आकृति अ में कितने आयत हैं?
- आकृति अ में ब से कितने त्रिभुज अधिक हैं ?
- आकृति ब में अ से कितने वर्ग कम हैं ?
- कितने त्रिभुज अ और ब दोनों में हैं?

## बूझो तो जानें

- 100 रुपये के खुल्ले करें उसमें 10 रुपये का नोट ना हो और नोट सिर्फ़ 10 होने चाहिए।



## कौन है सबसे तेज़?

**(समूह के सभी बच्चे अपनी–अपनी कापी पर इन प्रश्नों को हल करें)**

(1) 32 + ........... = 42

(2) 50 + 44 = ...........

(3) 100 - 90 = ...........

(4) 18 – 10 = ...........

(5) 69 – 43 = ...........

(6) 59 – 42 = ...........

(7) 33 + 66 = ...........

(8) 80 – ........... = 46

(9) ........... – 15 = 41

(10) ........... – 43 = 43

## काटें, बाँटें और पढ़ें।

**हल करें**

10 + 10 + 10 + 20 + 20 =

100 + 20 + 10 + 50 + 40 =

**अनुमान लगाकर बताएँ**

- आप एक दिन में कितने क़दम चलते हैं?
- स्कूल से घर तक आने में कितना समय लगता है?

**संख्या बनाएँ**

अंक 7, 6 और 1 से बननें वाली सभी तीन अंको की सभी संख्याओं को लिखें ?

**आकृति बनाएँ**

- आयत
- त्रिभुज
- वृत्त

**हल करें**

- 250 × 0 = ............
- 430 ÷ 0 = ............

**सही कथन को लिखें**

- आयत मे 5 भुजाएँ होती हैं।
- वर्ग में 4 भुजाएँ होती हैं।

Day-4

## काटें, बाँटें और पढ़ें।

सूरज डूबा, महाराज उल्लू जागे।
आँख खुलते कसरत को भागे।
बाद कसरत थाली लगाई।
आधी रात सभा बुलाई।

मीनू ने रात में चांद देखा।
वह रोटी की तरह गोल था।
दूध की तरह सफेद था।
चांद को मामा भी कहते हैं।

हमने पाली एक बकरी
चारा खाती दिन में दो टोकरी
हफ़्ते में वह कितना चारा खाए
कोई तो मुझे यह बतलाए?

सोमवार को चढ़े ट्रेन में हम
गुरुवार को जा पहुँचे अपने शहर
सुबह, शाम, रात और दोपहर
बताओ कितने दिन किया सफ़र?

चार बजे नानी आईं।
सात बजे तक गप्पें मारीं।
आठ बजे वह चली गईं।
बताओ कितने घण्टे साथ रहीं?

एक गाड़ी के थे छः डिब्बे
हर डिब्बे के थे आठ पहिए
जो भी पहियों का जोड़ बताए
कक्षा में वह नाम कमाए।

## सोचें, समझें और लिखें


मछली ______ मछली तैरती है।


तितली ______


तारे ______


बादल ______

## दिए गए शब्द से सम्बंधित और शब्द ख़ाली बक्से में लिखें

नदी शब्द पढ़कर मन में आने वाले शब्दों को लिखें।




## सड़क किनारे

***कहानी बारी-बारी पढ़ें। अगर समूह के बच्चे नहीं पढ़ सकते हैं तो उस समूह का कोई एक बच्चा कहानी पढ़े, बाकी बच्चे सुनें। पढ़ने के बाद सभी बच्चे कहानी पर चर्चा करें।***

सड़क के किनारे खड़े एक बच्चे से एक आदमी ने पूछा, "यह सड़क कहाँ जाती है?" बच्चे ने बड़ी मासूमियत से जवाब दिया," यह सड़क कहीं नहीं जाती, यहीं पड़ी रहती है।" सचमुच सड़क कहीं नहीं जाती। सड़क पर चलने वाले लोग कोसों दूर चले जाते हैं और अपनी–अपनी मन्ज़िल तक पहुँच जाते हैं। आईये यह जानें कि ये सड़कें आई कहाँ से? सड़कें कब बनी?

जब मनुष्य ने पहिये बनाए तो सड़कों की ज़रूरत पड़ने लगी। माना जाता है कि दुनिया में सब से पहली सड़क अफ्रीका के सूडान देश में बनी थी। उसके बाद यूरोप और एशिया में सामान लाने–ले जाने के लिये सड़कें बनीं। जब व्यापार के अलावा युद्ध में प्रयोग होने वाले सामानों को लाने–ले जाने की ज़रूरत पड़ी तो दुनिया भर में सड़कें बनने लगीं।

हमारे देश भारत में सबसे पहले सड़कें बनवाने का काम पाटलीपुत्र के सम्राट अशोक ने किया। अशोक ने अपनी प्रजा की भलाई के लिये सड़कें बनवाईं। सड़कों के किनारे पेड़ लगवाए, जगह–जगह कुएँ और तालाब भी खुदवाए ताकि थके हुए यात्रियों और सवारियों के जानवर अपनी प्यास बुझा सकें।

शेरशाह सूरी ने सबसे लम्बी सड़क बनवाई। इस सड़क का नाम ग्रांड ट्रंक रोड (जी. टी. रोड) है जो कलकत्ता से पेशावर (पाकिस्तान) तक जाती है। इस सड़क को 'जर्नेली सड़क' भी कहते हैं। शेरशाह सूरी ने सड़क की दोनों तरफ़ रैन–बसेरे बनवाए और यात्रियों के लिये खाने–पीने का इन्तज़ाम भी करवाया। इन सड़कों पर घोड़ों से डाक लाने–ले जाने की शुरूआत भी शेरशाह सूरी के ज़माने में हुई थी।

पहले सड़कों पर ईंट और पत्थर बिछाए जाते थे। अब सड़कें पक्की और 'कोलतार' या डामर की बनी होती हैं। कोलतार में जमने की ताकत होती है। कहीं–कहीं सीमेन्ट से भी सड़कें बनाई जाने लगी हैं।

### समूह में प्रश्नों पर चर्चा करें और अलग कागज़ पर उत्तर लिखें।

1. अपने देश की सब से बड़ी सड़क का नाम क्या है?
2. "यह सड़क कहीं नहीं जाती, यहीं पड़ी रहती है।" इस वाक्य का अर्थ अपने शब्दों में लिखें।
3. ज़रा सोचिए कि अगर सड़कें न होती तो क्या होता?

Day-4

## दी गई तीन अक्षरों की इकाईयों से शब्द बनाएँ और शब्दों से वाक्य लिखें

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | हा | हि | ही | हु | हू | हे | है | हो | हौ | हं | हः |
| म | मा | मि | मी | मु | मू | मे | मै | मो | मौ | मं | मः |
| ल | ला | लि | ली | लु | लू | ले | लै | लो | लौ | लं | लः |

शब्द लिखें: हम ______ माही ______ हमला ______

वाक्य लिखें: माही ने आम खाया।

## कौन कहाँ रहता है? मिलान करें।

| | |
|---|---|
| चूहा | घर में |
| भैंस | घोंसले में |
| चिड़िया | तबेले में |
| शेर | रेगिस्तान में |
| ऊँट | गुफा में |
| मछली | बिल में |
| मनुष्य | पानी में |

## काटें, बाँटें और पढ़ें।

सभा बुलाई डूबा
उल्लू खुलते
लगाई थाली कसरत
आधी सूरज

गोल मीनू देखा
रात रोटी
मामा दूध सफेद
चांद कहते

बतलाए पाली हफ़्ता
दिन हमने
टोकरी कितना बकरी
कोई मुझे खाती

गुरुवार दिन सुबह
सोमवार चढ़े
बोलो पहुँचे दोपहर
ट्रेन कितने

आठ बजे रहीं
गप्पें मारी आईं
चली गईं नानी
घण्टे साथ

बताए गाड़ी छः
डिब्बे आठ
पहिए जोड़
कमाए कक्षा नाम

## दिए गए चित्र में रंग भरें।



## मुहावरे का मतलब ढूँढें

### नाक रगड़ना

आप इस मुहावरे का मतलब समूह में चर्चा करके
या किसी से पूछकर अपने भाब्दों में लिखें।

## अपने गाँव को जानें!



गाँव के किसी बुज़ुर्ग से पूछें कि उनके ज़माने में गाँव की सड़कें कैसी थीं और लोग यात्रा कैसे करते थे?

## काटें, बाँटें और हल करें

एक अस्तबल में मनीष ने घोड़े की 288 टाँगें गिनी। बताएँ, अस्तबल में कुल कितने घोड़े थे?

5 किताबों की क़ीमत 625 रुपये है तो एक किताब की क़ीमत क्या होगी?

रंजना ने 64 चूड़ियाँ ख़रीदीं और 4 सहेलियों में बराबर–बराबर बाँट दीं। बताएँ, रंजना के पास अब कितनी चूड़ियाँ बचीं?

एक कार्यालय में 18 कमरे हैं। यदि कार्यालय में 54 टयूबलाइट हर कमरे में एक समान लगी हैं तो बताएँ एक कमरे में कितनी टयूबलाइट लगी हैं?

426 रुपये में कम से कम कितने रुपये और मिलाए जाएँ जिससे कि उसे 5 व्यक्तियों में बराबर–बराबर बाँटा जा सके?

एक बग़ीचे में 5 आम के पेड़ हैं। प्रत्येक पेड़ में 120 आम हैं। इन पेड़ों के सभी आमों को तोड़कर 20–20 आमों के कितने ढ़ेर होंगे?

## सोचें और हल करें

□ + ○ = 53

△ + △ = 36

△ + ○ = 45

⬡ + ○ = 55

◺ + ◺ = 80

◺ + ○ = 67

## आओ करके देखें







- कितने मग पानी से यह बाल्टी भर जाएगी?
- कितने गिलास पानी से यह बाल्टी भर जाएगी?

## मेला



गाँव में मेला लगा था। राजू अपने दोस्त इमरान, लता, गीता, अमर तथा मीनू के साथ मेला देखने गया। सभी ने स्वादिष्ट मिठाइयाँ खाईं, खिलौने ख़रीदे और कठपुतली का तमाशा भी देखा।

इमरान की उम्र 7 वर्ष है। इमरान से गीता 2 वर्ष बड़ी है। राजू इमरान से 2 वर्ष छोटा है। लता और गीता दोनों की उम्र बराबर है। अमर, इमरान से 3 वर्ष बड़ा है। मीनू, अमर से 2 वर्ष छोटी है। मेले में राजू 200, इमरान 350, लता 130, गीता 180, अमर 160, मीनू 140 रुपये लेकर गए। सभी ने 10–10 रुपये की जलेबी खाई। इसका भुगतान राजू ने किया।

जलेबी खाने के बाद सभी खिलौनों की दुकान पर गए। राजू ने अपनी बहन के लिए बस, इमरान ने 2 मोबाइल, लता ने 1 कार, अमर ने 1 घड़ी तथा मीनू ने 2 कार ख़रीदीं। दुकान पर खिलौनों के मूल्यों की सूची लगी थी। सभी ने सूची देखी और खिलौनों की क़ीमत दुकानदार को दी।

| खिलौना | बस | मोबाइल | घड़ी | कार |
|---|---|---|---|---|
| मूल्य / प्रति खिलौना | 80 रु0 | 150 रु0 | 40 रु0 | 60 रु0 |

**समूह में प्रश्नों पर चर्चा करें व इनके उत्तर अपनी कापी में लिखें।**

1. सभी बच्चों की अलग–अलग उम्र बताएँ?
2. सभी दोस्तों के पास कुल मिलाकर कितने रुपए थे तथा मेले से लौटते समय कितने रुपये बचे?

## रोल प्ले

इस कहानी पर अपने समूह में रोल प्ले तैयार करें और प्रस्तुत करें।

## सोचें और हल करें

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | | 10 |
| | 12 | | | | 16 | 17 | 18 | | 20 |
| 21 | | 23 | 24 | 25 | | 27 | 28 | | 30 |
| 31 | 32 | | 34 | | 36 | 37 | 38 | | 40 |
| | 42 | 43 | | 45 | 46 | 47 | 48 | 49 | 50 |
| 51 | 52 | 53 | 54 | | | | 58 | 59 | 60 |
| 61 | | 63 | 64 | 65 | | 67 | 68 | | 70 |
| | 72 | | 74 | | | | 78 | | 80 |
| 81 | 82 | 83 | | 85 | 86 | 87 | 88 | | 90 |
| 91 | 92 | 93 | 94 | | 96 | 97 | 98 | | 100 |



**समूह में प्रश्नों पर चर्चा करें व इनके उत्तर लिखें।**

1. खाली जगह में सही संख्या भरें।
2. 2, 4, 5 के पहाड़े बनाएँ।
3. 10, 15, 18 के पहाड़े बनाएँ।
4. दिए गए चार्ट में पैटर्न ढूँढकर लिखें, जैसे – 1, 3, 5 या 2, 4, 6, 8 आदि।

## बूझो तो जानें

दिए गए चित्र में कितने वर्ग हैं गिनकर लिखें।



## कौन है सबसे तेज़?

(समूह के सभी बच्चे अपनी–अपनी कापी पर इन प्रश्नों को हल करें)

(1) 24 + 26 = ...........

(2) 70 – 46 = ...........

(3) 96 – 55 = ...........

(4) 16 – 8 = ...........

(5) 70 + 30 = ...........

(6) 14 + 28 = ...........

(7) ........... + 80 = 88

(8) ........... – 55 = 21

(9) 34 + ........... = 70

(10) ........... – 80 = 20

## काटें, बाँटें और पढ़ें।

**उचित चिन्ह (+, –, x, ÷) लगाएँ।**

126 .................. 600 = 726

950 .................. 254 = 696

**आकृतियों को बराबर भाग में बाँटें।**



6 भाग 5 भाग

**हल करें।**

- 209 + 869 + 546 =
- 709 + 869 – 346 =

**संख्याएँ लिखें।**

- 1–20 तक की सभी सम संख्याएँ लिखें।
- 20–50 तक की सभी विषम संख्याएँ लिखें।

**उचित चिन्ह (<,=,>) लगाएँ।**

132 ...................... 564 – 98

425 ...................... 321 + 32

**हल करें।**

- 1–20 तक की सभी संख्याओं का योगफल ज्ञात करें।
- 1–9 तक के सभी अंकों का गुणनफल ज्ञात करें।

## काटें, बाँटें और पढ़ें

मेरा नाम रूपा है।
मुझे जलेबी बहुत पसंद है।
मेरे बाबा जलेबी लाते हैं।
मैं मज़े से जलेबी खाती हूँ।

सूरज निकल आया है।
चारों ओर उजाला फैला है।
अंधेरा मिट चुका है।
बच्चे स्कूल जा रहे हैं।

बारिश का मौसम आया है।
ढेर सारी खुशियाँ लाया है।
पानी में हम बहुत खेलेंगे।
गरम–गरम पकौड़ियाँ खाएँगे।

एक बहुत बड़ा बग़ीचा है।
बग़ीचे में बहुत सारे पेड़ हैं।
पेड़ों पर फल लगे हैं।
कुछ फल मीठे कुछ खट्टे हैं।

चारों ओर बहुत सारे पेड़ हैं।
पेड़ों पर चिड़ियाँ रहती हैं।
चिड़ियाँ दाना चुगती हैं।
वे नदी में पानी पीती हैं।

समीर नाम का एक लड़का है।
वह रोज़ अपने स्कूल जाता है।
रोज़ नई कहानियाँ पढ़ता है।
वह सब को कहानियाँ सुनाता है।

## चित्र को देखें और कुछ वाक्य लिखें



## मौसम शब्द पढ़कर जो शब्द मन में आए हैं उन्हें लिखें




## मधुमक्खियाँ कैसे बातें करती हैं?

***कहानी बारी-बारी पढ़ें। अगर समूह के बच्चे नहीं पढ़ सकते हैं तो उस समूह का कोई एक बच्चा कहानी पढ़े, बाकी बच्चे सुनें। पढ़ने के बाद सभी बच्चे कहानी पर चर्चा करें।***

हम जब अकेले होते हैं तो कितना मन करता है कि काश कोई दोस्त आ जाता जिससे हम खूब बातें करते। ज़रा सोचें कि पशु–पक्षियों और कीड़ों का भी तो बातें करने का मन करता होगा। ये मधुमक्खियाँ भी तो अपने दोस्तों को मीठे रस वाले फूलों का पता बताना चाहती होंगी। यदि आप को किसी फलों के पेड़ का पता मालूम चल जाये, जिसमें खूब मीठे फल लगे हों, तो क्या आप अपने दोस्तों को वह पेड़ नहीं दिखाना चाहेंगे?



जब मधुमक्खियों को किसी भोजन का पता चलता है तो वह वापस छत्ते में आती हैं और फिर अपने दोस्तों के आगे गोल–गोल घूम कर उस जगह का पता बता देती है। अगर ख़ाने की जगह छत्ते से दायीं दिशा में हो तो वह घड़ी की सुइयों की दिशा में घूमेंगी और अगर वह भोजन बायीं दिशा में हो तो वह घड़ी की सुईयों की उल्टी दिशा में घूमेंगी।

खाना अगर सौ मीटर की दूरी में हो तो वह 0 यानी गोलाकर बना कर नाचेगी और अगर भोजन सौ मीटर से ज़्यादा दूर हो तो वह 8 के आकार में नाचेगी।

देखा, क्या बढ़िया तरीक़ा है मधुमक्खियों के बातें करने का। एक छत्ते में लाखों मधुमक्खियाँ रहती हैं लेकिन केवल एक ही रानी मक्खी होती है। छत्ते में मज़दूर मधुमक्खियाँ होती हैं जो खाना ढूँढने का काम करती हैं, नर मधुमक्खी दूसरे जीवों से छत्ते की रक्षा करते हैं। रानी मधुमक्खी अंडे देतीं हैं।

### समूह में चर्चा करें और अलग कागज़ पर उत्तर लिखें।

1. पाठ से ऐसे शब्द ढूँढ कर निकालें, जिनका अर्थ आप को नहीं मालूम? उन शब्दों के अर्थ गाँव के किसी सदस्य से पूछकर लिखें।
2. ज़रा सोचिए कि अगर कभी भोजन ढूँढ़ने की जगह ग़लत निकली तो क्या होगा?

## रोल प्ले

अपने–अपने समूहों में इस पाठ पर रोल प्ले तैयार करें और प्रस्तुत करें।

## यहाँ 14 पशुओं के नाम छिपे हैं। उनके नाम ढूँढें और लिखें

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ख | र | गो | श | शे | ची | ता |
| नी | घो | सू | अ | र | ब | बं |
| ल | ड़ा | ग | धा | लो | क | द |
| गा | हा | भा | लू | म | री | र |
| य | थी | भैं | स | ड़ी | गैं | डा |

···हाथी··· ···भैंस···

............ ............

............ ............

............ ............

............ ............

............ ............

............ ............

............ ............

## दिए गए चित्रों के नाम की आखिरी आवाज़ लिखें

 र

 ______

 ______

 ______

 ______

 ______

## काटें, बाँटें और पढ़ें

बाबा मज़े नाम
मेरा बहुत
जलेबी मुझे पसंद
खाती रूपा

अंधेरा निकल
बच्चे स्कूल
फैल चारों सूरज
ओर आया

गरम पानी खुशियाँ
बारिश पकौड़ियाँ
मौसम खाएँगे ढेर
हम खेलेंगे

एक फल लगे
मीठे बहुत
बड़ा बग़ीचा खट्टे
सारे पेड़

पानी चिड़ियाँ
चुगती पेड़
रहती दाना जंगल
सारे पीती

कहानियाँ स्कूल
पढ़ता नाम नई
रोज़ लड़का
सुनाता समीर

## इन चित्रों को देखकर समझ आ रहे मुहावरे को अपने वाक्यों में लिखें।

 बेचकर 

राजू घोड़े बेचकर घर में सो रहा था।

 के आगे 

______

 के पंख 

______

## मुहावरे का मतलब ढूँढें

**एक तो करैला ऊपर से नीम चढ़ा**

आप इस मुहावरे का मतलब समूह में चर्चा करके या किसी से पूछकर अपने शब्दों में लिखें।

______

______

## अपने गाँव को जानें!



पता करें कि आपके गाँव में कितने कच्चे और पक्के मकान हैं?

## काटें, बाँटें और हल करें

एक जंगल में शेरों की संख्या हाथी की संख्या से 35 अधिक है। यदि जंगल में 18 हाथी हैं तो शेरों की संख्या कितनी होगी?

एक बस में 47 लोग बैठे थे। अगले स्टैण्ड पर 25 लोग उतर गए तथा 17 लोग चढ़ गए। बताएँ, अब उस बस में कुल कितने लोग बैठे हैं?

बैंगन की क़ीमत 16 रुपये प्रति किलो है अगर उसकी क़ीमत 8 रुपये प्रति किलो कम कर दी जाए तो 336 रुपये में कितने किलो बैंगन ख़रीदे जा सकते हैं?

दादीजी लालटेन जलाने के लिए 12 महीने में 60 लीटर मिट्टी का तेल 1140 रुपये में खरीदती हैं। बताएँ 7 महीने में मिट्टी के तेल पर कितने रूपये ख़र्च हुए।

एक आदमी ने 29 लीटर दूध में 15 लीटर पानी मिलाकर 4 लोगों में बराबर–बराबर बाँटा। बताएँ, प्रत्येक व्यक्ति को कितने लीटर मिलावट वाला दूध मिलेगा?

हमने नदी पर बने एक पुल को पार करते समय, बिजली के 45 खम्भे गिनें। हर एक खम्भे पर 4 लाइटें लगी थीं। यदि पुल की दोनों तरफ कुल 90 खम्भे हो तो बताएं। उन खम्भे में कुल कितनी लाइट लगी हैं?

## सोचें और हल करें

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 0 | + | | = | 9 |
| | | | | + | | | | |
| | + | 3 | = | 4 | | | | |
| | | | | = | | | | |
| | | 2 | + | | = | | | |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | + | | = | 7 | | 4 | | | | |
| | | | | + | | + | | | | |
| | | 3 | + | | = | | | | | |
| | | | | = | | = | | | | |
| | | | | 8 | | | + | 1 | = | |

## आओ करके देखें

छाया बनाने के लिए ऐसा कोई दीवार चुन लें जहाँ आपकी परछाई बनती है या फिर खुद से अपनी परछाई बनाने के तरीके ढूंढें। अपने हाथों के इस्तेमाल से अलग–अलग तरह के जानवर व पक्षी बना कर देखें। मदद के लिए दिए गये चित्रों को देखें।





## सोचें और हल करें।

### एक शहर की गंदगी साफ़ करने में लगे कुल मज़दूर और ख़र्च

| साफ़ सफ़ाई का कार्य | मज़दूरों की संख्या | एक दिन का ख़र्च |
|---|---|---|
|  कुएँ की सफ़ाई | 4 | 1200 रुपये |
|  तालाब की सफ़ाई | 6 | 1800 रुपये |
|  सड़क की सफ़ाई | 5 | 4800 रुपये |
|  नदी की सफ़ाई | 15 | 7500रुपये |
|  नाले की सफ़ाई | 6 | 800 रुपये |
| कुल | 36 | |

- किसकी सफ़ाई में सबसे अधिक मज़दूर लगे हैं?
- किसकी सफ़ाई में सबसे कम मज़दूर लगे हैं?
- एक नाले की सफ़ाई की तुलना में तालाब की सफ़ाई में कितना अधिक ख़र्चा हुआ?
- दी गई सभी जगह की सफ़ाई के लिए एक दिन में कुल कितना ख़र्च हो रहा है?
- एक माह में सफ़ाई पर कितने रुपये ख़र्च होंगे?
- यदि सभी कार्य में लगे लोगों की मज़दूरी 100 रुपये बढ़ा दी जाए तो सफ़ाई पर एक दिन में कितने रुपये का ख़र्च आएगा?

## सोचें और हल करें

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 A | 2 B | 3 C | 4 D | 5 E |
| 6 F | 7 G | 8 H | 9 I | 10 J |
| 11 K | 12 L | 13 M | 14 N | 15 O |
| 16 P | 17 Q | 18 R | 19 S | 20 T |
| 21 U | 22 V | 23 W | 24 X | 25 Y |
| | | 26 Z | | |

### समूह में प्रश्नों पर चर्चा करें व इनके उत्तर अपनी कापी में लिखें।

- संख्या 20 के स्थान पर कौन सा अक्षर है?
- किन– किन अक्षरों को मिलाने से संख्या 100 बनायी जा सकती है?
- सभी संख्याओं का योगफल कितना होगा?
- सभी संख्याओं के योगफल में से 49 कम करने पर कितना होगा?
- सभी संख्याओं के योगफल में 5 से भाग देने पर कितना होगा?
- अपने नाम के अक्षरों का योगफल पता करें?

## बूझो तो जानें

1. चार पाँव पर चल न पाऊँ,
बिना हिलाये हिल न पाऊँ
फिर भी सबको दूँ आराम
आती हूँ मैं सबके काम।

2. तीन अक्षर का है उसका नाम
आता है जो खाने के काम
अंत कटे हल बन जाये
मध्य कटे तो हवा बन जाये।

## कौन है सबसे तेज़?

(समूह के सभी बच्चे अपनी–अपनी कापी पर इन प्रश्नों को हल करें)

(1) 34 + 65 = ...........
(2) 80 – 64 = ...........
(3) 86 – 57 = ...........
(4) 19 – 5 = ...........
(5) 80 + 20 = ...........
(6) 29 + 92 = ...........
(7) ........... + 79 = 112
(8) ........... – 65 = 29
(9) 37 + ........... = 80
(10) ........... – 35 = 55

## काटें, बाँटें और पढ़ें।

### ख़ाली बॉक्स को भरें।

- 298 – 122 = ☐
- 956 – ☐ = 385

### हल करें।

- 2 + 5 × 2 + 5 – 4 =
- 9 × 5 – 3 + 4 – 2 × 6 =

### अनुमान लगाकर लिखें।

- एक बोतल की लम्बाई = .............
- एक चूड़ी की गोलाई = ............

### पैटर्न समझें, ख़ाली जगह भरें।

- 4, 9, 20, ........... , ...........
- 20, 45, 95, ........... , ............

### पहाड़े लिखें।

- 7 का पहाड़ा लिखें।
- 13 का पहाड़ा लिखें।

### हल करें।

- 1 किलोमीटर = .................सें.मी.
- 500 मिलीमीटर = ............. मीटर

## काटें, बाँटें और पढ़ें।

आसमान में तारे टिमटिमाते हैं।
दिन में ये सारे छुप जाते हैं।
रात होते ही निकल आते हैं।
तारों के साथ चाँद भी दिखता है।

चाचाजी हमारे घर आए हैं।
घर में चटपटे पकौड़े बने हैं।
साथ में इमली की चटनी भी है।
सब चाय के साथ पकौड़े खा रहे हैं।

मुझे पतंग उड़ाना पसंद है।
जब तेज़ हवा चलती है,
मेरी पतंग ख़ूब ऊँची उड़ती है।
मुझे बहुत मज़ा आता है।

मेरे पास एक कुरसी थी।
उसकी एक टाँग टूट गई थी।
मैंने उसे ठीक करवा लिया।
अब मैं उस पर रोज़ बैठूँगी।

मैं मौसी के घर गई थी।
घर के सामने एक बग़ीचा है।
उसमें बच्चे खेलते हैं।
लोग उसमें घूमने जाते हैं।

रसोई में एक खिड़की है।
उससे रोशनी और हवा आती है।
जब खिड़की खोल देते हैं,
रसोई में गरमी नहीं लगती है।

## दिए गए चित्र में रंग भरें।



## समझकर लिखें



__केला__ मीठा है।



मैं__________ में रहता हूँ।



__________हवा में उड़ता है।



__________पानी में तैरती है।

## कांवर झील के पक्षी

*कहानी बारी-बारी पढ़ें। अगर समूह के बच्चे नहीं पढ़ सकते हैं तो उस समूह का कोई एक बच्चा कहानी पढ़े, बाकी बच्चे सुनें। पढ़ने के बाद सभी बच्चे कहानी पर चर्चा करें।*

आओ, आज हम अली हुसैन साहब के साथ घूमें। बेगुसराय के पास, एक बहुत बड़ी झील है – कांवर झील। वहाँ बहुत चिड़ियाँ हैं। कुछ वहीं की हैं और कुछ दूर–दूर से वहाँ आती हैं। अली हुसैन साहब वहाँ के रहने वाले हैं। वह वहाँ के और हिन्दुस्तान की हर चिड़िया के बारे में बता सकते हैं।



देश के जाने माने पक्षी विशेषज्ञ सलीम अली के साथ अली हुसैन बहुत साल काम कर चुके हैं। इस साल झील में पानी बहुत कम है फिर भी यह पक्षियों से भरी हुई है। वह देखो इग्रेट....... यह आ बैठा.........

आसमानी रंग का नीलकंठ काले गले वाला....... चारों तरफ़ चिड़ियाँ ही चिड़ियाँ अली हुसैन साहब कह रहे हैं, "जब झील पानी से भर जाएगी तो फिर आना। तब और बहुत ख़ूबसूरत पक्षी दिखेंगे।"

– रुक्मिणि बनर्जी

### समूह में चर्चा करें और अलग कागज़ पर उत्तर लिखें।

1. इस झील की विशेषताएँ क्या है?
2. आप अपने गाँव के किसी पक्षी के बारे में कोई पाँच बातें लिखें।
3. अगर आपको किसी पक्षी को अपना मित्र बनाना हो तो आप क्या करेंगे?

## दी गई तीन अक्षरों की इकाईयों से शब्द बनाएँ और शब्दों से वाक्य लिखें

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | मा | मि | मी | मु | मू | मे | मै | मो | मौ | मं | मः |
| न | ना | नि | नी | नु | नू | ने | नै | नो | नौ | नं | नः |
| स | सा | सि | सी | सु | सू | से | सै | सो | सै | सं | सः |
| ल | ला | लि | ली | लु | लू | ले | लै | लो | लै | लं | लः |

शब्द लिखें: माना ______ मन ______ मसाला ______

वाक्य लिखें: समीना मसाला पीसती है।

## दोनों चित्रों को ध्यान से देखें व अन्तर ढूँढें।





## दिए गए चित्रों के नाम का आख़िरी अक्षर लिखें।

 ______

 ______

 ______

 ______

 ______

 ______

## मुहावरे का मतलब ढूँढें

### हाथ मलना

आप इस मुहावरे का मतलब समूह में चर्चा करके या किसी से पूछकर अपने भाब्दों में लिखें।

______

______

## अपने गाँव को जानें!



**पता करें आपके गाँव की कुल आबादी कितनी है? यह भी पता करें कि गाँव में कितनी औरतें, पुरूष व कितने बच्चे हैं?**

## काटें, बाँटें और पढ़ें।

चाँद आसमान
तारे टिमटिमाते छुप
रात निकल
दिखता दिन

चटनी चटपटे पकौड़े
साथ घर
चाय हमारे खा
चाचाजी इमली

बहुत मज़ा
उड़ाना पसंद
तेज़ हवा पतंग
खूब ऊँची

बैठूँगी कुरसी
उसकी टूट पास
उस ठीक लिया
अब रोज़ टाँग

बग़ीचा सामने
जाते उसमें खेलते
लोग घूमने
मौसी गई बच्चे

गरमी रोशनी आती
रसोई खिड़की
नहीं लगती हवा
जब खोल

## काटें, बाँटें और हल करें

एक पशु मेले में भैंसों की संख्या के 8 गुने से 12 अधिक बकरियों की संख्या है। यदि भैंसों की संख्या 76 हो तो बताएं बकरियों की संख्या कितनी है?

एक जंगल में शेरों की संख्या हाथी के संख्या से 28 अधिक है। यदि जंगल में 16 हाथी हैं तो शेरों की संख्या बताएं?

बैंगन की क़ीमत 24 रुपये किलो है अगर उसकी क़ीमत 4 रुपये कम कर दी जाए तो 80 रुपये में कितने किलो बैगन ख़रीदे जा सकते हैं?

पुष्पा के पास 175 रुपये हैं। उसके 3 गुने से 44 रुपये अधिक श्वेता के पास हैं। बताएँ कि श्वेता के पास कितने रुपये हैं?

एक कारख़ाने में प्रतिदिन 450 युनिट बिजली ख़र्च होती है। यदि एक यूनिट बिजली की कीमत 5 रूपये है तो बताएँ 150 दिनों में कितने रुपये का ख़र्च आएगा?

एक खेत में 350 गुलाब और 250 चमेली के फूल हैं। यदि एक गुलदस्ते में 12 गुलाब और 8 चमेली के फूल लगाए जा सकते हैं तो बताएँ सारे फूलों से कितने गुलदस्ते बनेंगे?

## सोचें और हल करें

**1 से 6 तक अंकों का उपयोग करें और हर तरफ से योगफल बराबर हो।**



योगफल = 9


योगफल = 10


योगफल = 11


योगफल = 12

## आओ करके देखें



- अपने दोस्त के हाथ की लम्बाई मापकर लिखें।
- अपने दोस्त के पैर की लम्बाई मापकर लिखें।
- अपने दोस्त की हथेली की चौड़ाई मापकर लिखें।
- अपने दोस्त की कमर की लम्बाई मापकर लिखें।
- अपने दोस्त की ऊँचाई को मापकर लिखें।
- अपने दोस्त के कलाई की गोलाई मापकर लिखें।

## दी गई वस्तुओं के मूल्य का पता लगाएँ

| वस्तु | मूल्य |
|---|---|
|  पंखा | 1200 |
|  टेलीविजन | 15000 |
|  बिजली का बोर्ड | 250 |
|  बल्ब | 20 |
|  बिजली का तार प्रति बंडल | 900 |

**सोंचे और हल करें**

- किस वस्तु की क़ीमत सबसे अधिक है?
- टेलीवीजन की क़ीमत कितने रुपये है?
- टेलीवीजन की क़ीमत पंखे की कीमत से कितने रुपये अधिक है?
- 500 रुपये में कितने बल्ब ख़रीदे जा सकते हैं?
- एक पंखे की क़ीमत में कितने बिजली के बोर्ड ख़रीदे जा सकते हैं?
- यदि एक व्यापारी ने एक दुकानदार से एक–एक दर्जन सभी वस्तुएँ ख़रीदता है तो बताएँ दुकानदार को कितने रुपये वह देगा ?

(**नोट** : इसी प्रकार और भी प्रश्न बनाए जा सकते हैं।)

## आकृतियों में रंग भरें और एक जैसी आकृतियाँ गिनकर लिखें



चित्र 1



चित्र 2

**समूह में प्रश्नों पर चर्चा करें व इनके उत्तर अलग कागज़ पर लिखें।**

- चित्र 1 में गोल आकृतियाँ कितनी हैं?
- चित्र 2 में त्रिकोण आकृतियाँ कितनी हैं?
- चित्र 1 और 2 में कुल कितनी त्रिकोण आकृतियाँ हैं?
- किस चित्र में त्रिकोण आकृतियाँ की सख्या अधिक है?
- चित्र 2 में कितनी और गोल आकृतियाँ बनाएँ कि चित्र 1 के गोल आकृतियों के बराबर हो जाए?
- दोनों चित्रों में कुल कितनी चौकोर आकृतियाँ हैं?
- चित्र 2 में त्रिकोण आकृतियाँ चित्र 1 की कितने गुना है?

## बूझो तो जानें

एक भैंस रोजाना 10 लीटर दूध देती है, जबकि एक बकरी रोज़ाना एक लीटर, तथा एक भेड़ रोज़ाना एक चौथाई लीटर दूध देती है...

मैं अपने फार्म पर कुल 100 पशु रखना चाहता हूँ, लेकिन यह भी चाहता हूँ कि मुझे रोज़ाना पूरा 100 लीटर दूध भी मिले... न कम न ज़्यादा...

और हाँ, मुझे अपने फार्म में तीनों पशुओं को रखना है...

## कौन है सबसे तेज़?

**(समूह के सभी बच्चे अपनी–अपनी कापी पर इन प्रश्नों को हल करें)**

(1) 153 + 65 = ...........

(2) 852 – 659 = ...........

(3) 654 – 593 = ...........

(4) 789 – 687 = ...........

(5) 100 + 329 = ...........

(6) 229 + 592 = ...........

(7) ........... + 254 = 560

(8) ........... – 109 = 210

(9) 317 + ........... = 660

(10) ........... – 35 = 55

## काटें, बाँटें और पढ़ें।

### संख्या लिखें

- तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या
- तीन अंकों की सबसे छोटी संख्या

### अंकों से संख्या बनाएँ

- 2, 8 से संख्या बनाएँ
- 3, 5, 9 संख्या बनाएँ

### अंकों में लिखें

- तीन हजार दो सौ पाँच
- आठ हजार तीन सौ सात

### उचित संख्या

**20 से 50 तक की संख्याओं में**

- 3 से भाग होने वाली संख्या लिखें
- 5 से भाग होने वाली संख्या लिखें

### सम और विषम

- 15 से 30 तक की सम संख्या लिखें।
- 1 से 15 तक की विषम संख्या लिखें।

### हल करें

- 935 के ठीक पहले, बाद और बीच की संख्या लिखें।
- 240 के ठीक पहले, बाद और बीच की संख्या लिखें।